Seventeenth Loksabha

an>

Title: Demand to allocate funds under Atal Mission for Rejuvnation and Urban Transformation (AMRUT - 2.0) for urban development in Ambala Parliamentary Constituency, Haryana.

श्री रतन लाल कटारिया (अम्बाला): सभापति महोदय, सरकार ने प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में शहरी विकास मंत्रालय को 'अमृत-2' के अंतर्गत 2 लाख 77 हजार करोड़ के परिव्यय का प्रावधान किया है। यह राशि वर्ष 2024-25 तक खर्च की जाएगी। इस प्रकार 'अमृत-2' योजना के अंतर्गत शहरों में स्वच्छ जल, घरेलू सीवर, सेप्टिक प्रबंधन का 100 प्रतिशत कवरेज करने का लक्ष्य रखा गया है। **...** (व्यवधान)

महोदय, मैं माननीय प्रधानमंत्री जी से मांग करता हूं कि मेरा अम्बाला संसदीय क्षेत्र एक आरक्षित क्षेत्र है, जिसमें तीन नगर निगम – अम्बाला, यमुना नगर और पंचकुला पड़ते हैं। इसलिए मेरी मांग है कि शहरी क्षेत्रों में कार्यों को बढ़ावा देने हेतु 'अमृत-2' योजना के अंतर्गत राशि को मेरे क्षेत्र में भी आवंटित किया जाए और जो नगर परिषद हैं, उनको भी राशि प्रदान कराई जाए। धन्यवाद।**...** (व्यवधान)

माननीय सभापति : आप लोग अपने स्थान पर जाइए। माननीय सदस्यगण शून्य प्रहर में अपने विषय रख रहे हैं।

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया आप लोग अपनी-अपनी सीट्स पर जाइए। सुनिए । कोआपरेट कीजिए**।**

... (व्यवधान)

माननीय सभापति : कृपया आप लोग अपनी-अपनी सीट्स पर वापस जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : यह उनका अधिकार है। आप भी उनकी बात सुनिए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री मारगनी भरत – उपस्थित नहीं।

डॉ. टी.आर. पारिवेन्धर – उपस्थित नहीं।

श्री रघु राम कृष्ण राजू जी, आप अपनी सीट पर जाइए। क्या आप बोलना चाहते हैं?